# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में कौनसी युवा साइकिलिस्ट स्विट्जरलैंड में आयोजित टूर डी फ्रांस फेम्स में हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला साइकिलिस्ट बन गई हैं।

(A) नीता चौधरी

(B) हर्षिता जाखड़

(C) संगीता बिश्नोई

(D) इनमें से कोई नही

जयपुर स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS मेडिकल कॉलेजचर्चित खिलाड़ी – हर्षिता जाखड़ (गंगानगर)

- खेल – साइक्लिस्ट
- युवा साइकिलिस्ट हर्षिता जाखड़ ने स्विट्जरलैंड में आयोजित टूर डी फ्रांस फेम्स में शामिल होकर इतिहास रच दिया।
- • वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला साइकिलिस्ट बन गई हैं।

**Yesterday, : Revision**

प्रश्न: 1 एशियन आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप (17-20 अगस्त, देहरादून) के लिए भारतीय टीम में चुनी गई वान्या बोहरा राजस्थान के किस जिले से हैं?
उत्तर: धौलपुर।
प्रश्न: 2 राजस्थान बजट घोषणा के अनुसार राज्य में पहली बार कितने नए 'ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे' बनाए जाएंगे?
उत्तर: 9 (जिनकी कुल लंबाई 2756 किमी और लागत 102151 करोड़ रुपए होगी)।
प्रश्न: 3 राजस्थान में पारंपरिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैलों से खेती करने वाले लघु एवं सीमांत किसानों को प्रतिवर्ष कितनी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी?
उत्तर: 30 हजार रुपये।
प्रश्न: 4 'मिसेज ओशन इंडिया-2026' का खिताब जीतकर 'मिसेज ओशन वर्ल्ड' में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली अदिति चौधरी कहाँ की रहने वाली हैं?
उत्तर: जयपुर।
प्रश्न: 5 राजस्थान सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में 'तीज महोत्सव' का आयोजन कब से कब तक किया जाएगा?
उत्तर: 14 अगस्त से 23 अगस्त तक।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## 1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) ने उद्योगों और होटल-रिसॉर्ट के लिए प्रदूषण आधारित नया वर्गीकरण लागू किया है।

(B) नए वर्गीकरण के तहत उद्योगों को रेड, ऑरेंज, ग्रीन और ब्ल्यू श्रेणियों में रखा जाएगा

**सही विकल्प चुनें**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) ने उद्योगों और होटल-रिसॉर्ट के लिए प्रदूषण आधारित नया वर्गीकरण लागू किया है।

- नए वर्गीकरण के तहत उद्योगों को रेड, ऑरेंज, ग्रीन और ब्ल्यू श्रेणियों में रखा जाएगा, जिससे पर्यावरणीय स्वीकृतियों की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो सकेगी।
- नए वर्गीकरण का उद्देश्य केवल उद्योगों की श्रेणी स्पष्ट करना है, ताकि उन्हें आवेदन प्रक्रिया, शुल्क और पर्यावरणीय मानकों की जानकारी पहले से उपलब्ध हो सके।
- नए वर्गीकरण में होटल एवं रिसॉर्ट क्षेत्र को भी राहत दी गई है। अब केवल 300 या उससे अधिक बिस्तरों की क्षमता वाले होटल और रिसॉर्ट ही रेड श्रेणी में आएंगे
- नई सूची के अनुसार रेड श्रेणी में 144, ऑरेंज श्रेणी में 159 तथा ग्रीन श्रेणी में 116 प्रकार के औद्योगिक क्षेत्र शामिल किए गए हैं।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ 7 अगस्त को जवाहर कला केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगे।

(B) समारोह में लगभग 60 स्टॉल्स स्थापित किए जाएंगे।

सही कथन चुनिए:

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ 7 अगस्त को जवाहर कला केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगे।
- इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के बुनकरों द्वारा तैयार उत्कृष्ट हथकरघा उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा।
- यह हथकरघा प्रदर्शनी 7 से 9 अगस्त तक आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां आगंतुक राजस्थान की समृद्ध हथकरघा परंपरा से रूबरू होने के साथ-साथ हस्तनिर्मित उत्पादों का क्रय भी कर सकेंगे
- समारोह में लगभग 60 स्टॉल्स स्थापित किए जाएंगे।

03.राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में राज्य स्तरीय बुनकर पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?

(A) सोहनराम

(B) कानाराम

(C) धापूबाई

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में राज्य स्तरीय बुनकर पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार के लिए जालोर के डूंगांव निवासी श्री कानाराम को कॉटन एवं सिल्क साड़ी के उत्कृष्ट निर्माण के लिए सम्मानित किया जाएगा।

द्वितीय पुरस्कार नागौर के टांकला निवासी श्री सोहनराम को कलात्मक दरी के लिए तथा तृतीय पुरस्कार झालावाड़ के असनावर निवासी श्रीमती धापूबाई को तोता गागरौनी डबल बेडशीट के लिए प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार जोधपुर के सालावास निवासी दिनेश भोयरिया को पंजा दरी तथा बाड़मेर के इण्डारा निवासी ककू को टेबल कवर के उत्कृष्ट निर्माण के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) अजमेर में देश की सबसे बड़ी एवं अत्याधुनिक गोट सीमन उत्पादन प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी।

(2) केंद्रीय प्रवर्तित योजना नेशनल लाइव स्टॉक मिशन (एनएलएम) के तहत इसे स्थापित किया जाएगा

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

प्रदेश में पशुपालन क्षेत्र को बढ़ावा देने और बकरियों की उन्नत नस्ल विकसित करने की दिशा में केंद्रीय प्रवर्तित योजना नेशनल लाइव स्टॉक मिशन (एनएलएम) के तहत अजमेर के रामसर स्थित राजकीय पशु प्रजनन फार्म में देश की सबसे बड़ी एवं अत्याधुनिक गोट सीमन उत्पादन प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी।

- इस परियोजना पर 8.75 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेगी। प्रयोगशाला में प्रतिवर्ष दो लाख सीमन डोज तैयार की जाएंगी। सरकार का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक इस प्रयोगशाला को पूर्ण रूप से संचालित करना है।
- इसका उद्देश्य उच्च आनुवंशिक गुणवत्ता वाले बकरों के सीमन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देना तथा बकरियों की उत्पादकता और नस्ल सुधार सुनिश्चित करना है।
- राजस्थान में लगभग दो करोड़ बकरियां हैं, जो देश की कुल बकरी आबादी का करीब 16 प्रतिशत हैं।

**05. राजस्थान के किस जिले में 6 और 7 अगस्त को ब्रिक्स (BRICS) सदस्य देशों के उद्योग और व्यापार मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हो रही है?**

(A) उदयपुर

(B) जोधपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

‘ ◾ भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को 18वां ब्रिक्स सम्मेलन होगा। इसमें ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, इजिप्ट, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सउदी अरब और इंडोनेशिया के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे।

👁️‍🗨️ इस बार की थीम ‘बिल्डिंग फोर रिसाइलेंस, इनोवेशन, कॉपरेशन एंड सस्टेनेब्लिटी’ है। जयपुर में तीन चरणों में होने वाली बैठकों का दौर शुरू हो जाएगा।

👁️‍🗨️ जयपुर के रामबाग पैलेस में 6-7 को भारत व 10 सदस्य देशों के वाणिज्य, उद्योग और व्यापार मंत्रियों की बैठक होगी।

✒️ पहले चरण में 6-7 अगस्त को उद्योग एवं व्यापार मंत्रियों की बैठक होगी। इसका नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे।

✒️ दूसरा चरण 12-13 अगस्त को होगा। इसमें ब्रिक्स मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक होगी।

✒️ तीसरे चरण में 19-20 अगस्त को ब्रिक्स पर्यटन कार्य समूह की उच्च स्तरीय बैठक होगी। 21-22 अगस्त

जयपुर, बुधवार, 05 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-167

1. **राज्य** सरकार द्वारा प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त कितने रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जा रहा है?
(A) 100 रुपये (B) 150 रुपये
(C) 200 रुपये (D) 250 रुपये

2. **राजस्थान** में जिला चिकित्सालयों में नशामुक्ति वार्ड स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कौन सा कार्यक्रम चलाया जा रहा है?
(A) नई किरण कार्यक्रम
(B) राज सवेरा कार्यक्रम
(C) जीवन रक्षक कार्यक्रम
(D) सुकूं अभियान

3. **राज्य** सरकार द्वारा लघु एवं सीमांत किसानों को पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 'बैलों से खेती' करने पर प्रतिवर्ष कितने रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है?
(A) 15,000 रुपये
(B) 20,000 रुपये
(C) 30,000 रुपये
(D) 45,000 रुपये

4. **हाल** ही में (अगस्त, 2026) 'अंगदान संकल्प अभियान' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान ने देश में कौन सा स्थान प्राप्त किया है?
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) पांचवां

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत उदयपुर जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) गार्लिक प्रोडक्ट
(B) मार्बल एवं ग्रेनाईट के उत्पाद
(C) सेण्ड स्टोन
(D) थेवा आभूषण

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में पारंपरिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैलों से खेती करने पर कितने रुपये प्रतिवर्ष किसानो को मिलतै है?**

(A) 40 हजार रुपये

(B) 30 हजार रुपये

(C) 50 हजार रुपये

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine